प्रादेशिक समाचार

23.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा की रांची में आयोजित युवा आक्रोश रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प, पुलिस ने आंसू गैस के गोले और वाटर कैनन का किया इस्तेमाल।

2. केन्द्र सरकार ने स्वास्थ्य जोखिम को देखते हुए एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित 156 दवाओं पर लगाया प्रतिबंध।

3. केंद्र सरकार ने पीएम–जनमन पर शुरु किया राष्ट्रव्यापी जागरुकता अभियान, झारखंड समेत देशभर के करीब दो सौ जिलों में 10 सितंबर तक चलाये जायेंगे विशेष कार्यक्रम।

4. देशभर में आज मनाया गया पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा – इसरो का न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान।

5. झारखंड महिला पुलिस सम्मेलन रांची में शुरु, मुख्य सचिव एल. ख्यांगते का राज्य की महिला नागरिकों के लिए पुलिसिंग को और बेहतर बनाने पर जोर।

****************

राज्य सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की युवा इकाई की ओर से राजधानी रांची के मोरहाबादी में आयोजित युवा आक्रोश रैली के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई। इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कई प्रदर्शनकारियों के घायल होने की भी सूचना है। केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर युवाओं के साथ बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

इधर, रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि प्रदर्शनकारियों की पत्थरबाजी में आधा दर्जन से ज्यादा जवान घायल हुए हैं।

****************

केन्द्र सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित 156 दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि एक समीक्षा के बाद पाया गया कि इनसे स्वास्थ्य को खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि इन 156 दवाओं में निश्चित मात्रा में खुराक संयोजन तर्कहीन है।

****************

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान–पीएम–जनमन पर राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा और संचार–आईईसी अभियान शुरू किया है। अगले महीने की 10 तारीख तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों– पीवीटीजी में केंद्र सरकार की योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है।

यह झारखंड समेत देशभर के करीब 2 सौ जिलों के 16 हजार से अधिक गांवों और 15 हजार ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा।

****************

इधर, लोहरदगा जिले की 47 पीवीटीजी बस्तियों में इस अभियान की जानकारी पहुंचाने के लिए आज उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जागरुकता रथ को रवाना किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस अभियान के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ पीवीटीजी लाभार्थियों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है। आज नई दिल्ली में देश के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने यह बात कही।

अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को अतीत की बेडियों से मुक्त किया है।

****************

इधर, झारखंड में भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी रांची में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। मौके पर पीआईबी के एडीजी अखिल कुमार मिश्रा के अलावा कई विद्यालयों के छात्र–छात्राएं मौजूद थे। बच्चे अंतरिक्ष के विषय में नई और विस्तृत जानकारी पाकर काफ़ी उत्साहित दिखे।

****************

अंतरिक्ष दिवस पर रांची स्थित बीआईटी मेसरा के स्पेस इंजीनियरिंग एंड रॉकेट्री विभाग में भी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीआईटी मेसरा के सहायक प्रोफेसर डॉ राजीव कुमार ने कहा कि अंतरिक्ष दिवस मनाने से देश के छात्र–छात्राओं में अंतरिक्ष के प्रति रुचि बढ़ेगी।

****************

इधर, भारतीय सर्वेक्षण विभाग के भू–स्थानिक निदेशालय के रांची कार्यालय में भी अंतरिक्ष दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन अधीक्षण सर्वेक्षक आलोक कुमार ने किया। मौके पर केन्द्रीय विद्यालयों के बच्चों के बीच क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

****************

नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत गोड्डा जिले के आदिम जनजाति बहुल सुंदर पहाड़ी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि से संबंधित छह संकेतकों के बारे में जागरूक करना है।

****************

गोड्डा जिले के कई क्षेत्रों में सड़कों को दुरूस्त करने का कार्य शुरू किया जा रहा है।

****************

राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जैप–1 स्थित शौर्य सभागार में आज से दो दिवसीय राज्यस्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन की शुरुआत हुई। इसका उदघाटन मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने किया। इस मौके पर उन्होंने महिला नागरिकों के लिए पुलिसिंग को और अधिक बेहतर बनाने पर जोर दिया।

*******समाप्त*******